छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

CSPDCL

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरावर्ती कंपनी)
CIN:U40108CT2003SGC015822

कार्यालय-कार्यपालक निदेशक (प्रशिक्षण- अनुसंधान एवं विकास)
छ.स्टेट.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., गुढ़ियारी रायपुर पिन. 492009

Ph. No.-0771-2574266
Fax. No. 0771-2574032

Web Site- www.cspc.co.in
e-mail-cetrg.cspdcl@cspc.co.in

क्र. 02-06/TA-GA-27/SE-I/2026-27/385 रायपुर, दिनांक 22 JUN 2026

"विज्ञापन"

अप्रेंटिस अधिनियम 1961 (संशोधित 1973, 1986, 1992, 2014, 2019 एवं 2025) के अंतर्गत छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लि., द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए निम्नलिखित संकायों में प्रशिक्षुओं को एक (01) **वर्षीय अप्रेन्टिसशिप (Apprenticeship)** की व्यवस्था की गई है:–

क्र.	विषय (संकाय)	स्वीकृत कोटा	अ. ना.	अ. पि. व.	अ. जा.	अ. ज. जा.	शैक्षणिक योग्यता	शिक्षुवृत्ति
ग्रेजुएट अप्रेंटिस								
1	Electrical/EEE Engineering	50	21	07	06	16	मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से संबंधित संकाय में स्नातक उत्तीर्ण	रू. 12,300 / – प्रतिमाह
2	Mechanical Engineering	20	08	03	02	07		
3	General Stream Graduate							
	i. B.Sc.	05	02	01	00	02		
	ii. BBA	05	02	01	00	02		
	iii. BCOM	10	05	01	01	03		
डिप्लोमा अप्रेंटिस								
4	Electrical/EEE Engineering	50	21	07	06	16	मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से संबंधित संकाय में डिप्लोमा उत्तीर्ण	रू. 10,900 / – प्रतिमाह
5	Mechanical Engineering	20	08	03	02	07		
	Total	**160**	**67**	**23**	**17**	**53**		

उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता धारक उम्मीदवारों से (Apprenticeship) प्रशिक्षण हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

नियम एवं शर्तें :–

1. **चयन प्रक्रिया** :– प्राप्त आवेदन पत्रों में उम्मीदवारों का चयन अप्रेन्टीस हेतु स्नातक / डिप्लोमा परीक्षा में प्राप्त अंकों के **मेरिट लिस्ट** के आधार पर किया जावेगा।
2. **प्रशिक्षण अवधि** :– उम्मीदवारों का (Apprenticeship) प्रशिक्षण मात्र **एक (01) वर्ष** की अवधि के लिए होगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात उम्मीदवार छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लि. में अस्थाई / स्थाई किसी भी प्रकार के रोजगार हेतु हकदार नहीं होगें।
3. जिन उम्मीदवारों को कार्य का अनुभव एक वर्ष या अधिक है अथवा जो इस प्रकार का किसी अन्य संस्था में प्रशिक्षण कर चुके है / कर रहें हैं, वे उम्मीदवार चयन हेतु पात्र नहीं है।

निरंतर....

4. चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पर उपस्थित होने के समय, एक घोषणा– पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके द्वारा पूर्व में कहीं भी अप्रेंटिस अधिनियम 1961 (संशोधित 1973, 1986, 1992, 2014, 2019 एवं 2025) के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं की है।

शैक्षणिक योग्यता परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि और प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि से (एक वर्ष से अधिक अथवा एक वर्ष) होने पर 10 रू. का स्टैम पेपर तथा पांच वर्ष से कम अथवा पांच वर्ष हो तो उम्मीदवारों को 20 रू. का स्टैम पेपर में स्व–शपथ पत्र (Self Affidavit) प्रस्तुत करना होगा। **स्नातक से पांच वर्ष से अधिक समय हो चुके उम्मीदवार प्रशिक्षण हेतु पात्र नहीं होगी।**

5. प्रशिक्षुओं (Apprentices) को हॉस्टल अथवा वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
6. **अभ्यर्थियों को National Apprenticeship Training Scheme (NATS) में अपना Registration (www.nats.education.gov.in) में करवाना अनिवार्य है तथा आवेदन पत्र में Registration Number अनिवार्य रूप से अंकित किया जाना है।**
7. आवेदन–पत्र संलग्न है, कृपया आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही प्रविष्ट करें।
8. अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र को बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।
9. **आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अति–आवश्यक है।**
10. आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा :–
    a. 10वीं एवं 12वीं की अंक सूची की छायाप्रति।
    b. स्नातक/डिप्लोमा की अंक सूची/प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
    c. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को छ.ग. शासन के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की गई स्थाई जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
    d. स्थाई निवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
    e. National Apprenticeship Training Scheme (NATS) का Registration Form in which Registration Number and other Details are filled.
11. आवेदन करने की **अंतिम तिथि 24.07.2026** आवेदन पत्रों को दिनांक 24.07.2026 तक डाक द्वारा अथवा सीधे कार्यालय में (कार्यालयीन समय सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक) जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
12. आवेदन–पत्र संलग्न प्रारूप में प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति सहित एक 36.5x25.5 CM के बन्द लिफाफा में अंतिम तिथि तक निम्न पते पर प्रेषित/जमा करें :–

    कार्यपालक निदेशक (प्रशिक्षण अनुसंधान एवं विकास)
    छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड,
    कोटा रोड, गुढ़ियारी, रायपुर 492009 (छ.ग.)

निरंतर.....

13. लिफाफा का प्रारूप इस प्रकार है – It is Mandatory

NATS REG NO :- ..... Category :- GEN/ OBC/ ST/ SC ..... Year of pass out of Graduate/ Diploma:-	Applied for: - Graduate Apprentice.(Engg.) /Diploma Apprentice. (Engg.)/Graduate Apprentice (Non-Engg.) Branch of Graduation/Diploma: .... Percentage Achieved in Graduation/Diploma: - .....
To, Executive Director (Trg.-R&D), C.S.P.D.C.L Kota Road Gudhiyari, Raipur C.G. 492009	
Sender, Name/ Address	

14. अन्य नियम एवं शर्तें अप्रेन्टिसशिप एक्ट, 1961 (as amended in 1973, 1986 ,2014,2019& 2025) तथा समय–समय पर जारी संशोधनों के अधीन होगी।

ए.के. तिर्की (94340063)
कार्यपालक निदेशक (प्रशि.– अनु. एवं वि.)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.गुढ़ियारी, रायपुर